निर्देश का पालन नहीं होने पर संपत्ति कुर्क की जाएगी

29 जून तक शमीम कबाड़ी को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास स्थित हिस्ट्री शीटर शमीम कबाड़ी के कबाड़ खाने में 25 अप्रैल को हुये खतरनाक विस्फोट की घटना के बाद शमीम कबाड़ी लगातार फरार चल रहा है। कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद फरारी में वारंटी तामीली नहीं हो सका। इसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने शमीम कबाड़ी को 29 जून तक कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कोर्ट ने ताकीद दी है कि यदि नियत दिनांक पर आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं होता तो उसकी संपत्ती कुर्प की जाएगी। यहां बता दें की विस्फोट काण्ड के बाद से ही शमीम कबाड़ी फरारी में चल रहा है। खजरी बम कांड में फरार हिस्ट्रीशीटर कबाड़ी शमीम की गिरफ्तार के अब तक के तमाम प्रयास विफल हो चुके हैं। शमीम कहा है इसको लेकर केवल कहानियां है, पुलिस के पास कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। कोई उसे यूपी के प्रतापगढ़ में बता रहा है तो किसी के अनुसार वो दुबई है। शमीम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी है। अब कोर्ट ने 29 जून तक शमीम को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिये हैं। जिसमें यह भी कहा गया है कि यदि शमीम तय की गई मियाद में हाजिर नहीं होता है तो उसकी संपत्ति कुर्प की जाएगी।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपा पोल की कोर्ट ने शमीम कबाड़ी को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिये हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि अधारताल थाना के अपराध क्रमांक 513/24 पर दर्ज भारतीय दंड संहिता की धारा 304, 120 बी एवं 3/5 विस्फोटक अधिनियम के अधीन दंडनीय अपराध किया है। उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कि गया था। लेकिन उसे यह कहते हुये लौटा दिया गया कि आरोपी फरार है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि रद्दी चौकी निवासी मोहम्मद शमीम गिरफ्तारी वारंट की तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रखा है। कोर्ट ने कहा कि अगर 29 जून को मोहम्मद शमीम कोर्ट में हाजिर नही होता है तो उसकी संपत्ति कुर्क की कार्रवाही की जाएगी।

क्या है मामला

गौरतलब है कि खजरी बायपास से लगे हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी के कारखाने में 25 अप्रेल को विस्फोट हुआ था। विस्फोट इतना खतरनाक था कि लगभग आठ से दस हजार वर्गफीट में फैला पूरा कबाड़खाना ढ़ह गया। घटना में दो मजदूर गौर निवासी भोलाराम और आनंद नगर निवासी खलील लापता हो गए थे। बाद में डीएनए रिपोर्ट में विस्फोट में खलील की मौत की पुष्टि हुई। वहीं भोला की गुमशुदगी दर्ज की गई है। मामले में अधारताल पुलिस ने शमीम उसके बेटे फहीम और पार्टनर सुल्तान पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया। शमीम फरार है और उस पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

हाईकोर्ट ने दिये एफआईआर खारिज करने के निर्देश

सुसराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाना, आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

जबलपुर। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि महिला ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताडन्ना व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज करवाती है तो यह उसका कानूनी हक है। ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना नहीं माना जा सकता है। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ पत्नी तथा उनके माता-पिता के खिलाफ दर्ज किये गये आत्महत्या दुष्प्रेरण की एफआईआर व न्यायालय में लंबित प्रकरण को खारिज करने के आदेश जारी किये है।

याचिकाकर्ता बीनू लोधी, उसकी मॉ शिव कुमारी लोधी तथा पिता बहादुर लोधी निवासी सागर की ओर से हाईकोर्ट में धारा 306 के तहत दर्ज प्रकरण को चुनौती दी गई थी। जिसमें कहा गया था कि बीनू का विवाह नरसिंहपुर निवासी मनीष लोधी से हुआ था। विवाद के बाद कम दहेज लाने पर पति तथा सास-ससुर उसके साथ क्रूरता करते हुए मानसिक व शारीरिक यातना देते थे। सुसराल पक्ष के लोगों ने उसका स्त्रीधन छीनकर उसे घर से निकाल दिया था। जिसके कारण उसने पति, सास-ससुर के खिलाफ राहतगढ़ थाना जिला सागर में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद उसके पति मनीष लोधी ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के परिजनों ने बयान दिये थे कि पत्नी व ससुराल पक्ष ने दहेज प्रताडन्ना की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसलिए मनीष ने आत्महत्या की है। नरसिंहपुर जिले के सुआतला थाने में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ धारा 306 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने उक्त मामले में न्यायालय के समक्ष चालान भी पेश कर दिया है। याचिका में दर्ज एफआईआर तथा न्यायालय में लंबित प्रकरण को खारिज की जाने की राहत चाही गयी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि दहेज प्रताडन्ना के त्रस्त होने के कारण सुसराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज कराना आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना नहीं होता है। एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अपने आदेश में कहा है कि रिपोर्ट झूठी थी, यह फैसला न्यायालय को गवाहों के आधार पर करना था। एकलपीठ ने उक्त आदेश के साथ याचिकाकर्ताओं को राहत प्रदान की है।

1 निलंबित, दूसरे के विभागीय जांच के आदेश

जेल प्रहरियों की जेब में मिला गांजा और सिगरेट

जबलपुर। जेल के अंदर सजा याफ्ता कैदियों को गांजा, तंबाकू, सिगरेट, गुटखा आदि नशे का सामान उपलब्ध कराने वाले दो जेल प्रहरी तलाशी के दौरान पकड़े गए। जिनकी जेब में गांजा और तंबाकू, सिगरेट के पैकेट मिले। जिसके बाद एक जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया, जबकि दूसरे प्रहरी के विभागीय जांच के आदेश दिए गए। गौरतलब है कि इससे पहले भी चार जेल प्रहरी भी जेल के अंदर नशीलें सामाग्री कैदियों को उपलब्ध कराने के आरोप में पकड़े गए थे, जिन्हें सेवा से बर्खास्त किया गया। इस संबंध में उपजेल अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि गुरुवार की रात केंद्रीय जेल में ड्यूटी करने पहुंचे जेल प्रहरी की जांच की गई इस दौरान मुकेश फुंडे के पास 2 पुड़िया गांजा एवं तम्बाकू की 7 पुड़िया, 2 पैकिट सिगरेट, 1 पैकिट राजश्री आदि सामग्री जब्त किए गए हैं, साथ ही उससे पूछताछ भी शुरु कर दी गई है। जेल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से प्रहरी को निलंबित कर दिया है। इसी तरह दूसरे जेल प्रहरी सुशील खेमरिया के पास से 2 तंबाकू के पैकेट जब्त किए गए। जेल प्रबंधन की ओर से इन प्रहरियो के खिलाफ सिविल लाईन थाना में अपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराने के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। जेल प्रबंधन ने वरिष्ठ अधिकारियें की इसकी सूचना दे दी। यहां गौरतलब है कि पिछले लंबे समय से जेल के अंदर नशे की सामाग्री कैदियों को उपलब्ध कराई जा रही है। दावा तो यहां तक किया जा रहा है कि 10 रुपए का गुटखा पाउच 50 रुपए में 20 रुपए का गुटका पाउच 100 रुपए में और गांजे की पुड़िया 200 से 500 रुपए तक में वसूली जा रही है। जेल प्रहरी बंदियों को और कैदियों को यह सामान पहुंचाते है और उनके परिजनों से मोटी रकम लेते है। पिछले दिनों इसी आधार की शिकायतों पर सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए गए, बाद में जेल प्रहरियों की तलाशी लेनी शुरु की गई। अभी कुछ दिन पहले ही चार प्रहरी नशें की सामग्री के साथ पकड़े गए थे प्रकरण की जांच के बाद चारों प्रहरियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

जबलपुर मंडल के स्टेशनों में पकड़े गये एक माह में 118 अवैध वेंडर

जबलपुर। मंडल के वाणिज्य विभाग ने जबलपुर के स्टेशन पर बिकने वाली खाद्य समाग्री एवं बेंडरों की जांच का अभियांन चला कर अनेक अवैध बेंडरों को पकड़कर जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक समाग्री नष्ट करने का अभियान चलाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक एवं गुन्नार सिंह के नेतृत्व में चलाये गए अभियान मे प्लेटफार्म एक से प्लेटफार्म 6 तक कार्यवाही की जा रही हैं जिसमे प्लेटफार्म पर अनाधिकृत रूप से अन्दर आने वाले बेंडरों कि जांच की जा रही हैं रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत मई माह में जबलपुर स्टेशन सहित मंडल पर 79 अवैध बेंडरो को पकड़कर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया एवं 39 वेंडरो को मानक नियमों का उलंघन करने पर 19110 रूपये का जुमार्ना वसूलने के साथ ही अमानक खाद्य सामाग्री को नष्ट कर उन पर अर्थ दंड लगाया गया। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम के विशेष ड्राइव चलने के कारण पिछले माह की तुलना में अवैध वेंडरों में कमी आई हैं जिससे अवैध वेंडरों में भय का माहौल पैदा हुआ है। इस कार्यवाही में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक, गुन्नार सिंह एवं ग्रेसियस नाजरत सहित वाणिज्य विभाग के निरीक्षक एवं परिवेक्षकों की भूमिका सराहनीय रही। उल्लेखनीय है कि मंडल में यह कार्यवाही जबलपुर के साथ ही कटनी, मैहर, सतना, दमोह, सागर, करेली, नरसिंहपुर, पिपारिया, आदि स्टेशनो पर भी की जा रही है। यह कार्यवाही आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

युवती ने कोर्ट में कहा, माता-पिता नहीं मुझे अपने पति के साथ है जाना

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में एक युवती ने उपस्थित होकर बयान दिया कि वह अपने माता-पिता के साथ बल्कि अपने पति के साथ जाना चाहती है। इतना ही नहीं वह वयस्क है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया व जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की युगलपीठ ने उक्त बयानों के बाद अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने लड़की के नाबालिग होने के संबंध में याचिका दायर नहीं की है, इसलिये उसे अपनी इच्छा अनुसार जीवन जीने की अनुमति दी जाती है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी। सतना निवासी एक भाई की ओर से उक्त बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी थी। जिसमें आरोप था कि अनावेदक युवक ने उसकी बहन को बंधक बना रखा है। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस को निर्देशित किया था कि वह कॉपर्स को न्यायालय के समक्ष पेश करें। हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा कॉपर्स को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। जहां कॉपर्स की पहचान छुपाने के लिए याचिका की सुनवाई के दौरान लाइव स्ट्रीमिंग बंद करवाई गई। कॉपर्स ने युगलपीठ को बताया कि वह वयस्क है और अपने पति के साथ रहना चाहती है। वह अपने माता।पिता के साथ नहीं जाना चाहती है। युगलपीठ ने उक्त मत के साथ याचिका को खारिज कर दी।

तड़के बारिश के बाद उमस भड़की

पारा तमतमाया, धरती छोड़ने लगी भाप

जबलपुर। मानसून का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल प्री-मानसूनी बारिश अभी शुरु नहीं हुई है। शनिवार के तड़के 4 बजे स्थानीय बादलों की वजह से कुछ देर के लिए बारिश हुई जिसके बाद दिन भर उमस भड़की रही। लेकिन इस बारिश से राहत कम आफत ज्यादा हो गई है। पिछले दो महीनों से तंदूर की भट्टी की तरह तप रही धरती पर पानी की बूंदे पड़ते ही धरती उमस छोड़ने लगती है जिसका असर चिपचिपाहट वाली गर्मी के रुप में सामने आ रहा है। सूर्येदय के बाद तापमान फिर परवान चढ़ने लगा और पारा 41 डिग्री के पार रहा। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। मप्र में मानसून 18 से 20 जून के बीच प्रवेश कर सकता है तब स्थानीय बादलों से ही राहत की उम्मीद की जा सकती है।

5.4 मिमी.वर्षा दर्ज

मौसम कार्यालय का कहना है कि जहां तक आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र है, वह स्थानीय बादलों से ही बन रहा है। इसलिए फिलहाल छुटपुट वर्षा ही हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 35 प्रतिशत आंकी गई। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.8 और न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार के तड़के 5.4 मिमी. वर्षा दर्ज की गई, और 1 जून से अब तक कुल वर्षा 8.6 मिली मीटर दर्ज की जा चुकी है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 45.5 डिग्री चित्रकूट में दर्ज किया गया।

पाटन में दूध डेयरी और खोवा दुकान का गरुड दल ने किया आकस्मिक निरीक्षण

जबलपुर। व्यावसायिक इकाइयों में नियामकों का पालन कराने जिला प्रशासन द्वारा गठित किये गये दलों में से शनिवार को एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह के गरुड़ दल ने पाटन में दूध डेयरी एवं खोवा विक्रय प्रतिष्ठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही में एसडीओपी पाटन भी शामिल थे।

एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गरुड़ दल ने महाकाल दूध डेयरी का आकस्मिक निरीक्षण कर मिलावट की आशंका पर पनीर और घी के सैंपल लिये। इसी प्रकार बड्डू खोवा प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर यहाँ बड़ी मात्रा में रखे पाये गये खोवा के चार सैंपल लिये गये और प्रथम दृष्टया जो खोवा दूषित प्रतीत हुआ उसे नष्ट कराया गया। एसडीएम पाटन के मुताबिक बड्डू खोवा भंडार में ही स्टेशनरी की बिक्री की जाती है। यहां विक्रय के लिये रखी गई किताबों की आईएसबीएन नम्बर की जांच भी की गई । उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान ही दल में शामिल नापतौल निरीक्षक द्वारा महाकाल डेयरी, अग्रवाल इंटरप्राइजेस तथा बड्डू खोवा प्रतिष्ठान से इलेक्ट्रॉनिक तराजू को सत्यापित नहीं होने पर जब्त किया गया है।

अब एसएमएस से दर्ज होगी मध्याह्न भोजन वितरण की जानकारी

ग्रीष्मावकाश में मध्याह्न भोजन बांटने की गड़बड़ी सामने आने के बाद नया सिस्टम लागू

जबलपुर। मध्याह्न भोजन के वितरण की इंट्री में होने वाली गड़बडिय़ों से निपटने के लिए शासन ने नया सिस्टम बनाने और उसकी निरंतर मानीटरिंग कराने का निर्णय लिया है। अब मध्याह्न भोजन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से प्रतिदिन देनी होगी। इसे आटोमेटिक सिस्टम दर्ज कर लेगा। दरअसल जबलपुर समेत प्रदेश के 22 जिलों में ग्रीष्मावकाश के दौरान मध्याह्न भोजन बांटने की बात सामने आई थी। तब सरकार ने जांच पड़ताल के बाद बताया था कि ग्रीष्मावकाश के दौरान मध्याह्न भोजन नहीं बांटा गया, बल्कि पोर्टल पर डाटा गलत तरीके से फीड कर दिए जाने से यह गलतफहमी सामने आई थी। इसके बाद से ही सिस्टम में बदलाव की बात कही जा रही थी।

एसएमएस नहीं किया तो तत्काल कार्रवाई

अधिकारियों के अनुसार स्कूलों में मध्याह्न भोजन के लिए भारत सरकार द्वारा आटोमेटिक मानीटरिंग सिस्टम व्यवस्था लागू की गई है। इस सिस्टम का मुख्य उद्देश्य मध्याह्न भोजन में और अधिक पारदर्शिता लाना है। इस व्यवस्था को लेकर जिलों में सभी बीआरसी तथा सीएसी को प्रशिक्षण जिला कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा जिला परियोजना समन्वयक की उपस्थिति में दिया गया है। उक्त कार्य की मानीटरिंग के लिए क्लस्टर लेवल पर जनशिक्षक और विकासखंड लेवल पर विकासखंड स्रोत समन्वयक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि प्रत्येक शाला से प्रतिदिन एसएमएस कराया जाए।

इन जिलों में ग्रीष्मावकाश का डाटा हुआ था अपलोड

प्रदेश के जबलपुर, भोपाल, सागर, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, शिवपुरी, बड़वानी, सतना, रायसेन, भिंड, गुना, आगर मालवा, झाबुआ, टीकमगढ़, मंडला, मंदसौर, बालाघाट, बैतूल, डिंडौरी, नरसिंहपुर, रतलाम जिलों के स्कूलों में अवकाश अवधि के दौरान मध्याह्न भोजन वितरण सिस्टम में दर्ज किया गया था जबकि उस अवधि में एक दिन भी स्कूल नहीं खुला था।

गोटेगांव विधायक पहुंचे हरिभूमि कार्यालय

जनता ने बहुत बड़ी जीत दी : महेंद्र नागेश

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र में विधानसभा के बाद लोकसभा के चुनाव खत्म हो गये हैं,आचार संहिता भी खत्म हो गई है, ऐसे में अब जीते हुए जनप्रतिनिधियों से लोगों की अपेक्षा बढ़ गई है कि वह जिन वादों को जनता से करके जीतकर आये हैं, वह पूरे करे । हमारी भी प्राथमिकता यही है। यह कहना है नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र नागेश का। हरिभूमि कार्यालय पहुंचे महेंद्र नागेश ने कहा कि गोटेगांव की जनता ने उन्हें बहुत बड़ी जीत दी है। लगभग 50 हजार मतों से मुझे जिताया है, मेरा भी कर्तव्य है कि मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूं। इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिये गये हैं।

महाविद्यालय का उन्नयन

विधायक नागेश ने कहा कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता में गोटेगांव का महाविद्यालय है। बीते अनेक वर्षों से इस महाविद्यालय में विज्ञान विषय की कमी देखी जा रही है। मात्र कला एवं वाणिज्य संकाय ही हैं। विज्ञान और गणित संकाय लेकर पढ़ने वाले बच्चों को जबलपुर या नरसिंहपुर जाना पड़ता है। जिसमें खासतौर से बच्चियों को खासी परेशानी हो रही है।

गौशाला का निर्माण

गोटेगांव विधानसभा में शासकीय भूमि की कमी नहीं है, सड़कों पर आवारा गाय न फिरे इसके लिए गौ अभ्यारण्य बनाने का प्रयास किया जायेगा। वैसे तो गौशालाओं के लिए कांग्रेस सरकार में एक योजना आई थी, परंतु उस योजना का क्रियांवयन सही नहीं था। हमारी सरकार ने इसका क्रियावंयन का जिम्मा लिया है, और हम इसे प्राथमिकता से पूरा करेगे।

जनता और कार्यकर्ताओं का आर्शीवाद साथ है

गोटेगांव विधायक ने अपनी जीत पर कहा कि अब आचार संहिता खत्म हो गई है, प्रदेश ने भाजपा को पूरा सहयोग दिया है। 29 लोकसभा सीटों पर जो आशीर्वाद मिला वह अभूतपूर्व है। हमें भी जनता के वादों पर खरा उतरना है। जो वादे हमने चुनाव के समय किये थे उन वादों को पूरा करना है तो कह सकते हैं कि अब काम करने का समय है और हम काम करके दिखाएंगे, क्योंकि जनता और कार्यकर्ताओं का आर्शीवाद है।

मुझे बहुत कुछ सीखना है

महेन्द्र नागेश ने कहा कि मैं नया विधायक बना हूं, मुझे बहुत कुछ सीखना है। मैं अपने वरिष्ठों से मार्गदर्शन ले रहा हूं। सभी का आर्शीवाद भी मिल रहा है। विधानसभा में कैसे कार्य होते है। इसकी जानकारी तो प्रथम शीतकालीन सत्र में मिल गई थी। इस बार जुलाई से शुरू होने वाले सत्र में मैंने भी प्रश्न लगाये हैं।

एकजुट करने पीसीसी ने निकाला फार्मूला

दो गुटों में बटे विपक्ष के पार्षद

जबलपुर। कांग्रेस पार्षद दल दो गुटों में बंटा हुआ है। दो गुटों के बीच बढ़ती तकरार में न तो नगर निगम नेताप्रतिपक्ष की घोषणा हो पा रही है, न जनता के हित के लिये विपक्ष के पार्षद प्रभावी प्रयास कर पा रहे हैं। हालत यह बन गई है कि दोनों गुटों ने साफ संकेत दिये हैं कि यदि उन्हें नेताप्रतिपक्ष नहीं बनाया गया तो वो नगर निगम सदन में असहयोग करेंगे। जिसके चलते कहानी रुकी हुई है। अब नगर निगम में विपक्ष के पार्षदों के बीच बढ़ती रार के बीच, बीच का रास्ता निकालने के लिये प्रदेश कांग्रेस ने नया फार्मूला निकाला है। बताया जा रहा है अब नेता प्रतिपक्ष के साथ साथ उपनेताप्रतिपक्ष और पार्षद दल के सचेतक भी बनाया जाएगा। वहीं पार्षदों में से एक कार्यकारी नगर अध्यक्ष बनाया जाएगा। जिससे पार्षदों की बीच बढ़ती खाई को कम किया जा सके और कांग्रेस सदन में एकजुट होकर काम कर सके। गौरतलब है कि महापौर के भाजपाई होने के बाद, भाजपा के पार्षद विपक्ष से सत्ता पक्ष हो गये। वहीं कांग्रेस खेमा विपक्ष में आ गया। लेकिन आज की तारीख तक किसी नेता प्रतिपक्ष तय नहीं हो पाया है। जिससे कांग्रेस और विपक्ष के पार्षद नगर निगम बंटे हुये हैं। वहीं जन हित की मुद्दे प्रभावित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने जीतू पटवारी से बात की है। नेता प्रतिपक्ष के साथ उपनेताप्रतिपक्ष भी बनाने का सुझाव उन्हीं का है। सूत्रों की माने तो मंगलवार तक घोषणा कर दी जाएगी।

धारा 30 की बैठक की मांग

पार्षदों को कुछ नहीं समझ रहे अधिकारी- कांग्रेस पार्षद दल ने शुक्रवार को नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज को पत्र सौंपकर धारा-30 की बैठक बुलाने की मांग की है। पार्षद अमरीष मिश्रा, अयोध्या तिवारी ने बताया कि नगर निगम में पूरी तरह अफसरशाही हावी हो चुकी है। आलम यह है कि पार्षद जो भी जनता से जुड़े काम बता रहे हैं अधिकारी उन्हें करना तो दूर सुनना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। पार्षद पद के काम अटके हुए हैं, जिससे पार्षद अपने वार्ड की जनता को मुंह तक नहीं दिखा पा रहे हैं।

जरूरतमंदों को दान करने से व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है

भगवान श्रीविष्णु को सत्तू का भोग अर्पित करने पर मिलता है पुण्य

सर्वार्थ सिद्धि, रवि व अमृत सिद्धि योग में आज मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व



जबलपुर। ज्येष्ठ माह की आज दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जायेगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन शुभ योगों में मां गंगा का पूजा-पाठ करना बेहद शुभ फलदायी होता है। यह पर्व शहर में पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया जायेगा। इस दिन मां गंगा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा पर मोक्ष दायिनी गंगा में स्नान करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा स्नान करने से व्यक्ति के 10 पाप नष्ट हो जाते हैं। गंगा दशहरा के अवसर पर भगवान श्री विष्णु को सत्तू का भोग अर्पित किया जाता है। मंदिरों में गंगा दशहरा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अचलेश्वर मंदिर पर बर्फ से शिवलिंग को सजाया जाता है। राम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम माता सीता के साथ नौका विहार करते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। गंगा दशहरा के दिन जरूरतमंदों को दान करने से व्यक्ति के भाग्य में वृद्धि होती है। इस दिन शिव जी की पूजा करना शुभ होता है, क्योंकि गंगा नदी शिवजी की जटाओं से निकलती हैं। गंगा दशहरा के दिन पूजा के दौरान कुछ खास मंत्रों का जाप और गंगा स्त्रोत पाठ करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

गंगा दशहरा शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के मुताबिक ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि का आरंभ 16 जून को देर रात दो बजकर 31 मिनट पर हो रहा है। वहीं इसका समापन 17 जून को सुबह 04 बजकर 42 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि को आधार मानते हुए गंगा दशहरा आज मनाया जाएगा। इस दौरान स्नान-दान करना शुभ है। शुभ मुहूर्त सुबह सात बजकर आठ मिनट से सुबह 10 बजकर 37 मिनट तक रहने वाला है।

गंगा दशहरा पर पूजा विधि

इस दिन सुबह जल्दी उठ जाएं। अगर गंगा स्नान नहीं कर पाएं तो घर पर ही गंगाजल बाल्टी में डालकर स्नान कर लें। वहीं इसके बाद अब तांबे के लोटे में जल लेकर उसमें गंगाजल, अक्षत और फूल डालकर सूर्य देव को अघ्र्य दें। साथ ही गंगा आरती कर मंत्रों का जाप करें। इस दिन गरीबों और जरूरतमदों को फल, जूता, चप्पल, छाता, घड़ा और वस्त्र दान करने का विधान है। इस दिन गंगा स्नान करने से सभी तरह के पाप, रोग, दोष और विपत्तियों से मुक्ति मिल जाती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

दशहरा पर 10 के अंक का महत्व

गंगा दशहरे पर आप जो भी दान करें उसकी संख्या 10 होनी चाहिए। साथ ही जिन वस्तुओं का पूजन करें उनकी भी संख्या 10 होनी चाहिए। गंगा दशहरे पर गंगा नदी में स्नान करने का भी विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि गंगा नदी में स्नान करने से आपके सभी पापों का अंत होता है।

जल व सत्तू के दान का महत्व

गंगादशहरा पर जल के दान का विशेष महत्व होता है। इसीलिए लोग शर्बत व मीठे जल का वितरण करते हैं। इसके साथ ही सत्तू का दान किया जाता है। भीषण गर्मी में सत्तू शरीर को शीतलता प्रदान करता है। सत्तू भूने हुए,चने, जौ, व गेंहू से तैयार किया जाता है। घरों में सत्तू बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चने, जौ व गेहूं को पानी से धोकर सुखाया जाता है। उसके बाद इसे भाड़ में भुनाते हैं और चक्की पर पिसकर सत्तू तैयार किया जाता है। कई प्रकार का सत्तू बाजार में उपलब्ध है।

कुर्बानी के बकरों की कीमतें आसमान पर

कुर्बानी का पर्व ईदुज्जुहा कल

जबलपुर। मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईदुलजुहा बकरीद 17 जून को परंपरागत आस्था और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में ईदुलजुहा की जोरदार तैयारियां की जा रही है। ईद के मौके पर ईदगाह कलां रानीताल में प्रातः 10.30 बजे ईदुलजुहा की नमाज अदा की जायेगी। मोमिन ईदगाह गोहलपुर, ईदगाह सदर तथा गढ़ा ईदगाह में प्रातः 10 बजे ईदुलजुहा की नमाज अदा की जायेग। ईदुलजुहा कुर्बानी का पर्व है। बकरीद के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों बकरों की कुर्बानी पेश करेंगे। नालबंद मुहल्ला, चारखंबा, बहोराबाग, नया मुहल्ला में कुर्बानी पेश करेंगे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बकरों की कीमतों में 15 से 25 प्रतिशत की बढ़ात्तरी बताई जा रही है। आमतौर पर कुर्बानी के बकरों के भाव 8 से 10 हजार रुपये के बीच चल रहे हैं। उैंची कद काठी वाले बकरों की कीमतें 15 हजार के आसपास हैं। भारी डीलडौल वाले बकरे 25 हजार रुये तक के बिक रहे हैं। बकरों के बाजार में 35 से 40 हजार रुपये तक कीमत के विशालकाय बकरों के आने की खबर है।

जिला शरीर सौष्ठव स्पर्धा आज

जबलपुर। जिला एमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के तत्वावधान में स्व. रामदास खलीफा की स्मृति में 70वीं जिला एमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा का आयोजन 16 जून को शाम 05 बजे कामगार यूनियन खमरिया एवं मुल्तानी व्यायाम शाला के संयोजन में ओएफटीआई हॉल गीतायन ऑडीटोरियम वेस्टलैंड खमरिया में संघ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, शिव यादव, कमलेश अग्रवाल, बीके पाठक के आतिथ्य में किया गया है।

नमामि गंगे अभियान में नर्मदा नदी एवं घाट की साफ-सफाई की गई

जबलपुर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों, नदी, तालाब, कुआं, बावड़ी के संरक्षण संवर्धन तथा पुनर्जीवन हेतु दिनांक 05 जून से 16 जून 2024 तक नमामि गंगे अभियान प्रारंभ किया गया है, जिसमें नगर परिषद भेड़ाघाट के सरस्वती घाट में नगर परिषद एवं जल निगम की टीम एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नमामि गंगे अभियान की कड़ी में 15 जून 2024 को नर्मदा नदी एवं घाट की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, पार्षद संध्या सिंह, पार्षद निरंजन भूमिया, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, लक्ष्मण यादव, प्रदीप वाल्मिकी की उपस्थिति रही। निकाय की ओर से विक्रम सिंह झारिया सीएमओ, निधि परोहा उपयंत्री, लक्ष्मीनारायण दुबे, सुनील बैरागई, विजय कोरी, विशांत त्रिपाठी, डालचंद सेन, शुभम ठाकुर, विक्रम सिंह एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

अखिल भारतीय अंतर विवि रोलिंग स्कैटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

जबलपुर। शारीरिक षिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित रोलिंग स्कैटिंग अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता का समापन पुरूष्कार समारोह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कार्यकारणी सदस्य डॉ. कैलाष जाटव के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. दीपेष मिश्र, कुलसचिव की अध्यक्षता तथा प्रो. विशाल ओ बन्ने संचालक, शारीरिक षिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं अभार डॉ. सुनील दत्त लखेरा, द्वारा किया गया आज प्रातः डुमना हवाई अड्डे की रोड पर आयोजित 100 मी रेस इनलाइन प्रमुख आकर्षक का केन्द्र थी जिसमें कई नेषलन एवं इनटर नेषलन स्केर्टष ने भाग लिया चैम्पियनषिप के दौरान सदर्षन सिंह ठाकुर, डॉ. आषीष पाण्डेय, डॉ. सचिन कोष्टा, डॉ. केके राठौर, प्रवीण पाण्डेय, डॉ. मनीष मिश्रा, कु. प्राची यादव, अंतरिक्ष शर्मा, विवेक चौबे, डॉ. पी चटर्जी, विषाल यादव, महिपाल सिंह, का सहयोग उल्लेखनीय था, प्रतियोगिता के चीफ रेफरी पीके सिंह थे। आज के प्रतियोगिता के प्ररिणाम निन्नानुसार हैं- 100 मी0 रोडरेष महिला, रष्मी बोरा, लब्ली प्रोफेषनल युनिवरसिटी प्रथम, मीनल, अन्ना युनिवरसिटी चैन्नाई द्वितीय, कषिष कापडिया एच.एस.एन.सी. युनिवरसिटी तृतीय थी, 100 मी. रोडरेष पुरूष वर्ग में सनोप सलिम महात्मा गांधी युनिवरसिटी प्रथम, अनिष बिरनले एम.आई.टी. वल्र्ड पेस युनिवरसिटी, द्वितीय, एवं अभिषकचन्द्रा आन्ध्रा युनिवरसिटी तृतीय थे, रेफरी बोर्ड के द्वारा दिये गए निणार्यक के अनुसार प्रतियोगिता के चैम्पियन अन्ना युनिवरसिटी चैन्नाई एवं रनरअप महात्मा गांधी युनिवरसिटी कोट्टावम थी।

व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है न्यूरोपैथिक दर्द

जबलपुर। हमारे शरीर और मस्तिष्क के बीच संदेश ले जाने वाली नसों में समस्या के बाद एक दर्द उत्पन्न होता है, जिसे न्यूरोपैथिक दर्द कहते हैं। सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम में खराबी, मधुमेह एवं अन्य स्थितियों में न्यूरोपैथिक दर्द उत्पन्न हो सकता है। दरअसल, हमारा सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम हमारी रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क से बना होता है। आप अपनी न्यूरोपैथिक दर्द नर्वस सिस्टम के अलग-अलग स्तरों पर रीढ़ की हड्डी या मस्तिष्क में कहीं भी महसूस कर सकते इस दर्द से पीड़ित लोग किसी के स्पर्श या छूने से बचने की कोशिश करते हैं, क्योंकि हल्का स्पर्श भी इन्हें चोट पहुंचा सकता है। इस स्थिति को एलोडोनिया कहा जाता है। इस बारे में बात करते हुए डॉ. हर्ष सक्सेना न्यूरो एंड स्पाइन क्लिनिक, जबलपुर कहते हैं कि "भले ही न्यूरोपैथिक दर्द से प्रभावित व्यक्ति को आम दिनचर्या में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, मगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से ली गई सही सलाह और नियत अवधि तक आराम करने से समस्या दूर हो सकती है। इसलिये जब भी आपको न्यूरोपैथिक दर्द की अनुभूति हो, अपने डॉक्टर से मिलकर इसका निदान करें।"

दरअसल, न्यूरोपैथिक दर्द में दो तरह से दर्द प्रभावित कर सकता है, जिसे एलोडोनिया और हाइपरलेगेसिया के नाम से जाना जाता है। एलोडोनिया में लोग स्पर्श के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इनके लिये छोटे और आसान कामों जैसे बालों में कंघी करना भी दर्द बढ़ा सकता है। इसी तरह हाइपरलेगेसिया, व्यक्ति के दर्द लगने की अनुभूति को प्रभावित करता है। इसमें जहां चोट लगने पर सामान्य दर्द हो सकता है, वहां अत्यधिक दर्द का अहसास होता है। इससे प्रभावित क्षेत्र में सुन्नता, झुनझुनी या कमजोरी भी हो सकती है।न्यूरोपैथिक दर्द के कई कारण है, जिनमें शराब का सेवन, मधुमेह, दाद, शरीर के किसी एक हिस्से में दर्द का जटिल सिंड्रोम, सेंट्रल, नर्वस सिस्टम सिंड्रोम आदि शामिल हैं। कई बार कीमोथेरेपी दवाए, आघात, सर्जरी, ट्यूमर आदि भी न्यूरोपैथिक दर्द का कारण बनते हैं।

रोड से अतिक्रमण हटाए गए

मझौली। नगर परिषद मझौली के द्वारा आज सिहोरा कटंगी रोड पर समस्त कर्मचारी पुलिस बल के साथ रोड पर से अतिक्रमण हटाए गए। पिछले 15 दिनों से सूचित किया जा रहा था कि अपने-अपने अतिक्रमण हटा लें लेकिन आज दिनांक तक जिनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए गए उन सभी के अतिक्रमण हटाए गए। टिन सेट, ठेले, टपरे, बंडरी, दीवाल मस्जिद, मजार, मंदिर जो भी अतिक्रमण में आए सभी को बड़ी शांति पूर्वक हटाया गया। क्योंकि बारिश का समय आ रहा है यहां पर नाले का निर्माण होना है पिछले बरसों से टेंडर है लेकिन अतिक्रमण होने के कारण यहां पर नाले का निर्माण नहीं किया जा रहा था जिस कारण से आए दिन रोड पर पानी भर जाता था शीघ्र ही नाले का निर्माण किया जाना है मुख्य नगर परिषद अधिकारी मझौली के द्वारा नगर वासियों से अपील की गई है कि जो भी बचा हुआ अतिक्रमण है वह शीघ्रसे शीघ्र हटाले एवं नाली निर्माण विकास कार्य में सहयोग करें निर्माण के बाद नाले के ऊपर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

पुलिस अस्पताल पुलिस लाइन में लगा रक्तदान शिविर

जबलपुर। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह (भापुसे) के मार्गदर्शन में पुलिस अस्पताल पुलिस लाइन जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन 14 जून को किया गया। शिविर में 50 अधिकारी, कर्मचारियों ने रक्तदान महादान किया। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, निरीक्षक सक्तूराम मरावी, उ.नि. सतीश झारिया, सउनि अवतार विष्ट, अमित श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी, रवि तोमर, सत्यपाल मेहरा, हरिओम सिंह, नितिन साहू, वंदित राजपूत, महिपाल सिंह एवं उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में अपुअ सोनाक्षी सक्सेना (भापुसे), आदित्य पटले (भापुसे), अपुअ प्रदीप शेण्डे, नपुअ देवेन्द्र सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य एवं 150 अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए।

श्री राधेश्याम बाबुलाल गुप्ता- (गढ़ा फाटक वाले) श्री राधेश्याम बा बु ला ल गुप्ता का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान कलमना ओम साईं नगर जुना कामठी रोड से निकल कर कलमना दहन घाट नागपुर सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे इंद्र कुमार गुप्ता(सागर), शशिकांत गुप्ता (मुन्ना, जबलपुर) के बड़े भाई, विकास गुप्ता, विवेक गुप्ता के पिता थे।

श्री ललित तिवारी- छोटी बजरिया गढ़ा निवासी श्री ललित तिवारी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सवित्री बाई बर्मन- ककरैया तलैया पूर्व छोटी लाइन फाटक के पास निवासी श्री पुरूषोत्तम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री बाई बर्मन (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री कृष्ण कुमार गुप्ता- गली नं. 4 भंडारी अस्पताल के पीछे निवासी श्री कृष्ण कुमार गुप्ता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री आयान यादव- रानीपुर सुदामा नगर मदनमहल निवासी श्री सुधीर यादव के पुत्र श्री आयाना यादव (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती छोटी बाई- अनुराधा कॉलोनी धोबीघाट गोराबाजार निवासी श्री बैजनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रीना केसवानी- अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री साजनदास केसवानी की धर्मपत्नी श्रीमती रीना केसवानी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती बत्तो बाई केवट- आमनपुर मदनमहल निवासी श्री राम सेवक केवट की धर्मपत्नी श्रीमती बत्तो बाई केवट (105) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुहानी यादव- छोटी ओमती निवासी श्री कृष्णा यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुहानी यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुलोचना पवार- अधारताल निवासी श्री महादेव पवार की धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना पवा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती कमला बाई अहिरवार- सिंधी कैंप सिद्धबाबा रोड निवासी श्री गुलाब अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई अहिरवार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

माढ़ोताल तालाब में किया गया गहरीकरण का कार्य

पर्यावरण को बचाना हम सभी की है नैतिक जिम्मेदारी : अभिलाष पांडे

जबलपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत जलीय संरचनाओं जैसे कुआँ, तालाब, बावड़ी, झील, नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों आदि के संरक्षण, संवर्धन, पुनर्जीवन, जीर्णोधार, नवीनीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में संभाग क्रमांक 6 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के अंतर्गत आने वाले माढ़ोताल तालाब में वृहद स्वच्छता एवं संवर्धन अभियान उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय की उपस्थिति में चलाया गया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के मूल रूप को सार्थक बनाने हेतु स्वयं माढ़ोताल तालाब में स्वच्छता श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई एवं उसका गहरीकरण किया गया एवं सभी उपस्थित आम जनों को जल के साथ साथ पर्यावरण बचने हेतु प्रोत्साहित किया। उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने उत्तर मध्य विधानसभा के सभी वार्डे के अंतर्गत आने वाले सभी जल स्त्रोतों को वर्षापूर्व संरक्षण संवर्धन कर उन्हें जीवित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एम आई सी सदस्य एवं पार्षद श्रीमति रजनी कैलाश साहू, क्षेत्रीय पार्षद कमलेश अग्रवाल, श्रीमति मोनिका राजपूत, श्रीराम शुक्ला, अतुल जैन दानी, पुष्पराज पाण्डेय, श्रीमति रेनू कोरी, श्रीमति मधुबाला राजपूत, श्रीमति वर्षा सेन, राघवेन्द्र यादव, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त श्रीमति रचियेता अवस्थी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल, संभागीय अधिकारी सत्येन्द्र चक्रवर्ती, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक रविन्द्र ठाकुर, स्वास्थ्य निरीक्षक उमाकांत शर्मा, विमल नामदेव आदि उपस्थित रहे ।

जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मझौली। मप्र जन अभियान परिसद् के अध्यक्ष मुख्यमन्त्री के दिये गये निर्देशनुसार और प्रदीप तिवारी जिला सामान्यवक जबलपुर और श्रीमती तृप्ती मिश्रा ब्लॉक समन्वक़ मझौली के मार्गदर्शन मे नवाकुर संस्था जनसेवा समिति खितौला द्वारा सेक्टर के प्रस्फूटन ग्रामों में समितियों और ग्रामिण जनों से जल गंगा सवर्धन अभियान को जन जन पहुंचाने के लिए और ग्रामीण क्षेत्रो के लोगो को जल का महत्व और पर्यावरण संरक्षण के विषय पर जागरूक करने नदि नालों तलाबों को साफ सुथरा बनाने जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर के ग्रामों में किया जा रहा है। और जल है तो कल है जल हि जीवन है पर लोगो को जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम मे जन अभियान परिषद मझौली के सभी प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनों से नमामि गंगे अभियान और जल गंगा अभियान को जन जन पहुंचाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

अजय विश्नोई के जन्मदिन पर अस्पताल में किया फल वितरण

सिहोरा। सिविल अस्पताल सिहोरा में पाटन विधायक एंव पूर्व केबिनेट मंत्री अजय विश्नोई के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया मझौली पूर्व मण्डल एवं पोड़ा मण्डल ने सिविल अस्पताल में सभी मरीजो अस्पताल के स्टाफ को फल फूल वितरण किया वही सभी मरीजो का हाल चाल जाना इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश चौरसिया, विद्या चौरसिया,मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, ब्रजेश पटेल,जोगेंद्र सिह,संजय खरया, प्रशांत परौहा,रविकांत यादव,परमानंद प्रजापति रामकृष्ण मोटा पटेल,अनिल बर्मन,अमर सिंह, ठाकुर,आनंद पटेल,अजय पटेल,सुभम पटेल, विन्द्रावन पटेल सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित थे।

राजस्थान में बुलेट ट्रेन का ट्रैक तैयार, यह देश में अपनी तरह का 'अनोखा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान में देश का पहला बुलेट ट्रेन ट्रायल ट्रैक बनकर तैयार हो चुका है। पहले फेज का काम सितंबर में पूरा होने के बाद 230 किमी प्रतिघंटा की स्पीड से बुलेट ट्रेन का ट्रायल किया जा सकेगा।

करीब 60 किलोमीटर लंबा यह रेलवे ट्रैक सांभर झील के बीच से निकाला गया है। यह वही ट्रैक है, जहां अंग्रेजों ने जयपुर-जोधपुर के लिए लाइन बिछाई थी, लेकिन 50 साल से यह लाइन मिट्टी में दब चुकी थी। रेलवे ने सैटेलाइट की मदद से इसे ढूंढकर नया नेटवर्क तैयार किया। बताया जा रहा है कि यह कई तरह की खूबियों से सुसज्जित रहेगा।

मिट्टी में दबी थी अंग्रेजों की बनाई लाइन, सैटेलाइट से खोजकर बिछाया नेटवर्क

यहां पड़ोसी देश भी करवा सकेंगे ट्रायल

ट्रैक में पुल, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज बनाए गए हैं। इन स्ट्रक्चर से बुलेट ट्रेन को गुजारकर स्पीड का ट्रायल होगा। यह देश का पहला डेडिकेटेड ट्रैक होगा जहां पड़ोसी देश भी अपनी ट्रेनों के ट्रायल करवा सकेंगे। भविष्य में इस ट्रैक पर हाईस्पीड, सेमी-स्पीड सहित मेट्रो ट्रेन का ट्रायल भी हो सकेगा।

नमक की क्यारियों से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

यह ट्रैक जयपुर से करीब 93 किलोमीटर दूर सांभर लेक के दूसरे छोर गुढ़ा से शुरू होकर मीठड़ी तक जाता है। हम मीठड़ी की तरफ से ट्रैक पर पहुंचे। नमक की क्यारियों के बीचों-बीच करीब 60 किलोमीटर लंबे रेलवे ट्रैक का नेटवर्क बिछाया जा चुका है। इसके लिए चार स्टेशन बनाए गए हैं गुढ़ा, जाबड़ी नगर, नावां और मीठड़ी। इसमें मुख्य स्टेशन नावां सिटी रहेगा। इस ट्रैक में 125 अंडर और ओवर ब्रिज बनाए गए हैं।

घुमावदार टेस्ट ट्रैक

60 किलोमीटर लंबा यह ट्रैक एकदम सीधा नहीं है, बल्कि इसमें कई घुमावदार पॉइंट बनाए गए हैं। इससे स्पीड में आ रही ट्रेन घुमावदार ट्रैक पर बिना स्पीड कम किए कैसे गुजरेगी, इसका ट्रायल लिया जा सकेगा। कुछ कर्व लोअर स्पीड के लिए बनाए गए हैं तो कुछ हाई स्पीड के लिए बने हैं।

स्टील और आरसीसी से बने पुल

इस ट्रैक पर स्टील और आरसीसी के पुल बने हैं, जो जमीन के नीचे और ऊपर भी हैं। इन पुलों को कंपनरोधी बनाने में नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है। ऊपर से स्पीड में ट्रेन गुजरने पर क्या रिस्पांस रहता है, इसका ट्रायल इन पुल के जरिए किया जा सकेगा।

रिसोर्स डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन की टीम करेगी ट्रायल

रेलवे की रिसोर्स डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन की टीम ट्रायल की मॉनिटरिंग करेगी। रेलवे की यही टीम कोच, बोगी, इंजन की फिटनेस की जांच करती है। रेलवे कोई भी कोच, इंजन को ट्रैक पर उतारने से पहले हर पैमाने पर चेक करती है कि तय स्पीड से ज्यादा वाइब्रेशन तो नहीं होगा? सस्पेंशन काम कर रहा है या नहीं? खराब ट्रैक पर ट्रेन का क्या रिस्पॉन्स रहता है आदि।

खबर संक्षेप

कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि का फैसला किया है। कीमतें लगभग 3 और 3.05 रुपए तक बढ़ी हैं क्योंकि राज्य सरकार ने 15 जून से टैक्स बढ़ाने का फैसला कियाता। राज्य सरकार ने पेट्रोल पर सेल्स टैक्स 25.92 से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत कर दिया है, जबकि डीजल पर टैक्स 14.3 से बढ़ाकर 18.4 प्रतिशत कर दिया है।

गोपी ने इंदिरा को 'मदर ऑफ इंडिया' बताया

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और केरल से भाजपा के एकमात्र सांसद सुरेश गोपी ने कथित तौर पर इंदिरा गांधी को 'मदर ऑफ इंडिया' कहा है। अभिनेता से नेता बने गोपी ने कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। भाजपा के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ईके.नयनार को राजनीतिक गुरु भी बताया।

कंगना को तो सिर्फ थप्पड़ पड़ा, मगर जिंदा हैं: स्वरा

मुंबई। नसांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ महिला जवान ने थप्पड़ जड़ दिया था, जिसके बाद एक्ट्रेस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था। अब स्वरा भास्कर ने थप्पड़ कांड पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने घटना की आलोचना तो की ही, कहा कि कंगना को तो थप्पड़ ही पड़ा है, लेकिन जिंदा हैं।

22 तक बढ़ी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल संग 13 मई के दिन के दिन सीएम आवास पर हुई बदसलूकी मामले में आरोपी केजरीवाल के पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार की मुश्किलें बढ़ गई हैं।बिभव की न्यायिक हिरासत कोर्ट ने 22 जून तक के लिए बढ़ा दी है। बिभव कुमार पर आरोप है कि उन्होंने स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की थी।

सूरत में अपार्टमेंट में 3 बहनों समेत 4 मृत मिले

सूरत। गुजरात के सूरत शहर के एक अपार्टमेंट में शनिवार को 58 वर्षीय एक महिला, उसकी दो बहन और बहनोई मृत मिले। डीसीपी आरपी बरोट ने बताया कि प्रथम दृष्टया गैस से चलने वाले गीजर को चालू छोड़ने के कारण दम घुटने से मौत होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सुबह 9 बजे के आसपास शवों के बारे में सूचना दी गई थी।

टीवी पत्रकार ने हाईकोर्ट में दायर किया मुकदमा

रजत ने रागिनी, जयराम और खेड़ा से मांगा 100 करोड़ रुपए का हर्जाना

कांग्रेस नेत्री नायक ने डिबेट का वीडियो शेयर कर दावा किया उन्हें 'अपशब्द' कहे गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के जाने-माने पत्रकार और इंडिया टीवी के चेयरमैन और एडिटर इन चीफ रजत शर्मा पर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक और कुछ अन्य नेताओं ने इंडिया टीवी के लाइव डिबेट में 'गाली' देने का आरोप लगाया है। रागिनी ने 4 जून के डिबेट का वीडियो शेयर कर ये दावा किया है कि रजत ने उन्हें 'अपशब्द' कहे हैं। शर्मा ने कांग्रेस नेता रागिनी नायक, जयराम रमेश और पवन खेड़ा के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

शर्मा ने मानहानि के लिए 100 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा है। दिल्ली हाई कोर्ट में शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे के दिन4 जून को टीवी पर डिबेट हुई था। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इसे 10 जून को इसके बारे में ट्वीट करना शुरू कर दिया। उन्होंने इसमें अपशब्द जोड़ दिए, जिनका कभी इस्तेमाल नहीं किया गया था।

रजत शर्मा

रागिनी नायक

जयराम रमेश

पवन खेड़ा

लाइव डिबेट में 'गाली' देने का आरोप केस भी कायम कराया

दिल्ली हाई कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने रजतद्वारा अंतरिम राहत की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सिंह ने कहा कि मेरे मुवक्किल ने कहा है कि मैं किसी राजनीतिक पार्टी से जुड़ा हुआ नहीं हूं। मैं अपना पेशेवर काम कर रहा हूं। ये आरोप स्पष्ट रूप से झूठे हैं और उनके द्वारा गढ़े गए हैं। यह एक क्लासिक और फिट मामला है, इसे तुरंत सोशल मीडिया से हटाने की जरूरत है। जब तक यह सोशल मीडिया पर है, लोग मुझपर आरोप लगाते रहेंगे, मुझे गालियां मिलती रहेंगी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनीता को लगाई फटकार

केजरीवाल केस का वीडियो जल्द हटाइए

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को कोर्ट प्रोसीडिंग का वीडियो हटाने का निर्देश दिया है। यह वीडियो उस समय का है जब केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया था और उन्होंने कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखा था। कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी वीडियो से जुड़े पोस्ट हटाने के लिए भी कहा है।जस्टिस नीना बंसल कृष्णा और अमित शर्मा की बेंच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब को निर्देश दिया कि जब भी उनके संज्ञान में ऐसा कोई कंटेंट आए, तो उसे हटा दें। कोर्ट ने दूसरे सोशल मीडिया हैंडल को भी वीडियो हटाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने 5 अन्य लोगों को पोस्ट हटाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अब मामले पर 9 जुलाई को सुनवाई करेगा।

सुनीता ने किया रि-पोस्ट

दिल्ली के शराब घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के बाद दूसरी बार 28 मार्च को कोर्ट में पेश किया गया था। वकील वैभव सिंह ने तर्क दिया कि मामले की सुनवाई को आम आदमी पार्टी और दूसरे विपक्षी से जुड़े कई सोशल मीडिया हैंडलों ने वीडियो और ऑडियो रिकार्ड किया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दिया। सुनीता ने भी एक यूजर के द्वारा रिकॉर्ड किए गए ऑडियो और विजुअल्स को रिपोस्ट किया। वैभव सिंह ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम 2021 के तहत कोर्ट की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग बैन है।

महाविकास अघाड़ी की बैठक

साथ लड़ेगी विस चुनाव जो गए वापस नहीं लेंगे

मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में बैठक हुई। इसमें सहयोगी रहे शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाविकास अघाड़ी नेताओं की मुंबई के वाईबी चव्हाण सेंटर में बैठक हुई। इसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एससीपी) के नेता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की जनता को आम चुनाव में 31 सीटें जिताने पर धन्यवाद दिया।

पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया। विधानसभा चुनाव में वैसा ही प्रेम मिलेगा और राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं।

पीएम का धन्यवाद करता हूं: शरद

शरद पवार ने कहा कि जहां-जहां मोदी ने रोड शो और रैलियां की। उन सभी जगहों पर महाविकास अघाड़ी को फायदा हुआ है। मैं पीएम नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना अपना कर्तव्य समझता हूं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी की अधिक से अधिक सभाएं होनी चाहिए ताकि हम स्पष्ट बहुमत की तरफ बढ़ते रहें। वहीं, शरद ने पार्टी छोड़कर नेताओं की वापसी के सवाल पर कहा कि जो लोग छोड़कर गए उन्हें वापस पार्टी में शामिल नहीं किया जाएगा।

लड़ाई लोकतंत्र को बचाने की थी: ठाकरे

शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा के खिलाफ कोई लड़ नहीं सकता। जनता ने उन्हें आईना दिखाया है। हम महाराष्ट्र के लोगों के आभारी हैं। ठाकरे ने कहा कि ये लड़ाई संविधान और लोकतंत्र को बचाने की थी। अब एनडीए सरकार कितने दिन काम करती है ये संदिग्ध है।

नागपुर में बेकाबू कार का कहर

सड़क किनारे खड़े 6 लोगों को कुचला, सभी अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में एक तेज रफ्तार स्कोडा कार ने सड़क के किनारे खड़े 6 लोगों को टक्कर मार दी। ये पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई।

घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कोडा कार ने 6 लोगों को टक्कर मारी है। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड भी हो गई। इसमें देखा जा सकता है कि कुछ लोग सड़क के किनारे खड़े हैं, तभी एक तेज रफ्तार कार आती है और उन्हें जोरदार टक्कर मारती है।

केडीके कॉलेज के पास का मामला

कार ड्राइवर गिरफ्तार

मामला नागपुर के केडीके कॉलेज के पास का है। इस घटना में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।ड्राइवर शराब के नशे में था या नहीं, इसके लिए मेडिकल कराया जा रहा है। घटना के बाद नागपुर के नंदनवन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एनडीए सरकार गलती से बनी, जल्द गिरेगी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का दावा है कि एनडीए सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी और ये कभी भी गिर सकती है। खरगे ने कहा कि भाजपा को अपने सहयोगियों को एकजुट रखने में काफी परेशानी हो रही है। बंगलूरू में मीडिया से बात करते हुए खरगे ने कहा कि एनडीए सरकार गलती से बनी। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है, यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है।

वाराणसी में योगाभ्यास

वाराणसी। वाराणसी के नमो घाट पर शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग सत्र में शामिल लोग।

सड़क संपर्क, बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क बाधित

बारिश-भूस्खलन से 9 की मौत, 1200 पर्यटक फंसे

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश से बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन के कारण 15 विदेशी नागरिक सहित 1,200 से अधिक पर्यटक फंसे हैं।राज्य में 9 लोगों की मौत हो गई है।

संपत्तियों को नुकसान पहुंचा तथा कई क्षेत्रों में सड़क संपर्क, बिजली और खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क बाधित हो गए। सिक्किम के पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग के प्रधान सचिव सी एस राव ने एक बयान में कहा कि सड़क अवरुद्ध हो जाने से लगभग 1,200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक (थाईलैंड के दो, नेपाल के तीन, बांग्लादेश के 10) मंगन जिले के लाचुंग में फंसे हुए हैं।

15 विदेशी नागरिक भी शामिल

सिक्किम में कुदरत ने बरपाया कहर

मुख्यमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक

मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मिंटोकगांग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पर्वतीय राज्य बुरी तरह से प्रभावित है। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपने-अपने स्थानों पर ही रहने तथा जोखिम मोल लेने से बचने को कहा है। अधिकारी ने कहा कि सभी फंसे हुए पर्यटकों के लिए राशन का पर्याप्त भंडार है। मौसम की स्थिति के आधार पर पर्यटकों को हवाई मार्ग से लाने के लिए केंद्र के साथ बातचीत की है। आवश्यक हुआ तो पर्यटकों को सड़क मार्ग से निकाला जाएगा। लोगों को निकालने मंगन में अधिकारियों के साथ समन्वय की बात कही है।

कई मकान जलमग्न, पुल भी ढहा

अधिकारी ने बताया कि जिले में भारी बारिश होने से भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और कई मकान जलमग्न हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि बिजली के खंभे बह गए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सामान्य स्थिति बहाल करने तथा हमारे निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिक्रिया की रणनीति बनाने और समन्वय करने को लेकर अहम बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण गुरुवार को मंगन जिले में कई जगहों पर भूस्खलन हुआ और संगकालांग में पिछले साल अक्टूबर में निर्मित एक पुल ढह गया, जिससे उत्तरी सिक्किम में बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गए। बांस का एक पुल भी टूट गया।

महाराष्ट्र के आईएएस की पहल

विजिटिंग कार्ड को बोने से उगेगा गेंदे का पौधा, आगंतुकों को देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन पर आज जागरूकता बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण को लिए लोग अलग-अलग उपाय ढूंढ रहे हैं। जैसे-जैसे धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है लोगों के अंदर पेड़ पौधरोपण के महत्व को समझ रहे हैं।

एक आईएएस अधिकारी ने पेड़-पौधे लगाने से जुड़े को अनोखी पहल की शुरुआत की है। उन्होंने एक ऐसी विजिटिंग कार्ड की तस्वीर शेयर की है, जिसे मिट्टी में बोने से गेंदे के फूल का पौधा उग सकता है। महाराष्ट्र की सांगली, मिराज,

कुपवाड़ा नगर निगम के आयुक्त आईएएस शुभम गुप्ता ने एक विशेष विजिटिंग कार्ड की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। विजिटिंग कार्ड में उनका नाम डेजिग्नेशन छपा हुआ है। शुभम गुप्ता ने पोस्ट पर लिखा कि अब जो भी मेरे ऑफिस आएगा। उसे तस्वीर में नजर आ रहा विजिटिंग कार्ड मिलेगा।



नई फिल्म के लिए रणवीर को बढ़ाना पड़ रहा है 15 किलो वजन

मुंबई। रणवीर सिंह अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर तैयारी में जुटे हैं और अभिनेता अपने शारीरिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस बात का दावा लेखिका शोभा डे ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। उन्होंने रणवीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए वजन बढ़ा रहे हैं। लेखिका शोभा डे ने रणवीर सिंह से एक कैफे में मिलने के बाद कुछ तस्वीरें साझा की।तस्वीरें साझा करते हुए शोभा ने लिखा, 'अलीबाग के हमारे पसंदीदा कैफे में चौंकाने वाली मुलाकात, सेल्फी किंग रणवीर पिता बनने से पहले बहुत जरूरी समय बिता रहे हैं। उन्हें अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने की जरूरत है। हमेशा की तरह आकर्षक, सहज और हमेशा विनम्र।

लाइफ Style

स्वरा

'कम से कम जीवित तो हैं...'

अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रणौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद कंगना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया इस मामले में लोग अपनी - अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में स्वरा भास्कर ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना अक्षम्य है और ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि चलो कंगना को थप्पड़ ही पड़ा है, वो जिंदा तो हैं। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने कहा, 'कोई भी समझदार व्यक्ति यही कहेगा कि कंगना के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। कोई भी ऐसा नहीं है जो कंगना के साथ हुई हिंसा या मारपीट को सही ठहराएगा।' अभिनेत्री ने कहा, 'हां, कंगना के साथ जो हुआ वह गलत था और ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी पर भी हमला करना सही नहीं है। लोग कंगना के दक्षिणपंथी समर्थकों से यही कह रहे थे कि उन्हें इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वह वही लोग हैं, जो लिंचिंग को सही ठहराती हैं।' स्वरा ने आगे कहा, 'कंगना को सिर्फ थप्पड़ पड़ा है और ऐसा भी नहीं होना चाहिए था। मगर कम से कम वह जिंदा हैं। उनकी सुरक्षा उसके आसपास है। इस देश में लोगों की जान गई है, उन्हें पीट-पीट कर मार डाला गया है, ट्रेन में सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, दंगों में सुरक्षाकर्मियों को लोगों की पिटाई करते हुए रिकॉर्ड किया गया है।'

हॉलीवुड मसाला

डेडपूल एंड... कमाई को तैयार

लॉस एंजिलिस। रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है।

'ब्लू बीटल' की कहानी का अब ओटीटी विस्तार

लॉस एंजिलिस। फिल्म 'ब्लू बीटल' के दीवानों के लिए बड़ी खबर आ रही है। सूत्रों की मानें तो वार्नर ब्रदर्स एनीमेशन और डीसी स्टूडियो इस फिल्म को एक कॉमिक चरित्र पर आधारित एक एनिमेटेड सीरीज के रूप में इसे विकसित करने जा रहे हैं। एंजेल मैनुअल सोटो के निर्देशन में बनने जा रहे इस शो को गैरेथ डनेट अल्कोसर लिखने वाले हैं। आइए आपको बताते है इस एनिमेटेड सीरीज में क्या खास होने वाला है। फिल्म 'ब्लू बीटल' डीसी कॉमिक बुक पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म को दर्शको ने काफी प्यार दिया था। इस फिल्म की कहानी जैमी रेयेस के इर्द -गिर्द घूमती है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तो सीरीज की कहानी फिल्म की कहानी से अलग होने वाली है।



डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं...

मुंबई। ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'इश्क विश्क रिबाउंड' है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पश्मीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं। डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पश्मीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है।

फैंस ने पूछा- क्या है राजकुमारी का नाम

नई दिल्ली। वरुण धवन इस समय अपनी जिंदगी के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी बेटी का स्वागत किया है और ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपना ज्यादातर समय अपनी नन्ही राजकुमारी के साथ बिता रहे हैं। इसके बाद से एक्टर सोशल मीडिया पर थोड़ा कम एक्टिव हो गए हैं। फैंस बेबी धवन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब एक्टर ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस नए पापा की तारीफ करने लगे और उनकी बच्ची की तस्वीरें मांगने लगे। एक फैंस ने वरुण से पूछा, राजकुमारी का नाम क्या रखा है? एक फैन ने लिखा, 'वरुण, हमें अपनी राजकुमारी की पहली तस्वीर कब मिलेगी?' दूसरे प्रशंसक ने पूछा, 'बच्ची कैसी है'। एक अन्य प्रशंसक ने यह भी पूछा, 'क्या जॉय अपनी छोटी बहन से मिला?"

टीवी मसाला

'बालिका वधू शो से पता चला पीरियड्स के बारे में'

नई दिल्ली। टीवी इंडस्ट्री की 'बालिका वधू' अविका गौर ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर लिया है। अभिनेत्री ने कृष्णा भट्ट की फिल्म '1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट' से बतौर लीड एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री टीवी के शो 'बालिका वधू' से मशहूर हुईं। यह शो बाल विवाह की अवधारणा पर आधारित था और बेहद सफल रहा। बालिका वधू ने कई सामाजिक मानदंडों पर भी प्रकाश डाला और दर्शकों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद की। हाल ही में, एक साक्षात्कार में, अविका ने अपने शो की शूटिंग के दौरान मासिक धर्म के बारे में जानने के बारे में बताया। शो में अपने कार्यकाल के दौरान 12 साल की उम्र में अभिनेत्री ने ऐसे एपिसोड की शूटिंग की, जिसमें उनकी आनंदी पहली बार मासिक धर्म शुरू करती है और अपने माता-पिता के बजाय अपने ससुराल वालों के साथ रहती है। अविका के लिए इस सीन को शूट करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अभिनेत्री इसका श्रेय अपनी मां को दिया। उन एपिसोड की शूटिंग के दौरान पर्दे के पीछे क्या हुआ, इसका खुलासा करते हुए, अविका ने बताया कि उनके निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें पता है कि पीरियड्स क्या होते हैं।

रामायण का वो सीन, जिसको शूट करना नहीं था आसान...

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण पहली बार दूरदर्शन पर 1987 में प्रसारित हुई थी। उस दौर में इसे दर्शकों के बीच खूब प्यार मिला था। 2020 में रामायण फिर टीवी पर आई और इस शो की टीआरपी ने बड़ा इतिहास रचते हुए दर्शकों के मामले में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। रामायण में 'लक्ष्मण' का रोल निभाने वाले सुनील लहरी ने रामायण से जुड़े कई किस्सों के बारे में मजेदार बातें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने एक ऐसे किस्से का जिक्र किया है, जिसके शूट के दौरान रामायण की पूरी कास्ट के साथ रामानंद सागर भी खूब रोए थे। ये किस्सा तब का है, जब राम के वनवास जाने के बाद राजा दशरथ का निधन हो गया था। उन्होंने बताया था कि इस एपिसोड को शूट करते हुए सभी लोग भावुक होकर रोने लगे थे।

बनना था हीरोइन, बन गई विलेन

राजेश की फिल्म से रातों-रात बनी स्टार

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, अनुपम खेर और जितेंद्र जैसे स्टार के साथ काम कर चुकीं वो एक्ट्रेस जिनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह मां को देखते हुए एक्ट्रेस बन गईं। आई तो फिल्मों में हीरोइन बनने थी, लेकिन इंडस्ट्री ने उन्हें विलेन बना दिया। 90 के दशक में तो वह हर फिल्म में नेगेटिव सास के रोल में नजर आने लगी थीं। राजेश खन्ना और आशा पारेख की फिल्म से पहचान बनाने वाली वो एक्ट्रेस अपने दौर में अपने नेगेटिव रोल के साथ-साथ अपने जबरदस्त डांस के लिए भी पहचानी जाती थीं। फिल्मों में विलेन के किरदार निभाकर खूब वाहवाही लूटी थी। साल 1962 से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली इस एक्ट्रेस के साथ करियर की शुरुआत में बहुत भेदभाव किया गया था। ये खुलासा सालों बाद खुद दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था। इंडस्ट्री की वो टैलेंटेड एक्ट्रेस बिंदू हैं। अपने करियर में उन्होंने सिनेमा की दुनिया के जाने माने विलेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फिल्मों में कड़ी टक्कर दी है। लेकिन, पर्सनल लाइफ में उन्हें मां बनने का सुख कभी नसीब नहीं हो सका। बिंदू को बाली उम्र में ही अपने पड़ोसी चंपक लाल जावेरी से प्यार हो गया था। दोनों ही एक-दूसरे पर दिल हार बैठे थे। बिंदू ने 18 साल की उम्र में ही उनसे शादी रचा ली थी। दोनों में 5 साल का अंतर था। अपने एक इंटरव्यू एक्ट्रेस ने बताया था कि दोनों के फैमिली शादी के लिए तैयार नहीं थी। बिंदू इंडस्ट्री में हीरोइन बनने का सपना लेकर आई थी।

जब बॉक्स ऑफिस पर भिड़े थे आमिर-सनी रेस में आगे निकली थी गदरः एक प्रेम कथा

मुंबई। वर्ष 2001 था और जून के महीने में सिनेमा के शौकीनों को दो फिल्मों को तोहफा मिला था। आमिर खान 'लगान' लेकर आए थे तो सनी देओल 'गदर'। 15 जून को दोनों फिल्में एक साथ रिलीज हुई थीं। दोनों पर दर्शकों का प्यार बरसा था। दोनों फिल्मों की कहानी, स्टारकास्ट और गाने सबकुछ अपने आप में खास थे। लेकिन आमिर और सनी देओल के बीच बॉक्स ऑफिस महामुकाबले में किंग कौन बना था?

गदर देखने उमड़ी थी भीड़

अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'गदर' में सनी देओल के साथ अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी के साथ-साथ इसमें हिंदुस्तान के विभाजन की त्रासदी को दिखाया गया। फिल्म के गाने सुपरहिट हुए। डायलॉग तो ऐसे चले कि आज तक बोले जाते हैं। फिल्म में सनी देओल का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन आइकॉनिक बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गदर एक प्रेमकथा का पहला शो सुबह छह बजे से शुरू किया गया था। सनी देओल के फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी थी। उस वक्त वीसीआर का दौर था।

टैक्स फ्री कर दी गई थी लगान

आमिर खान की लगान का निर्देशन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। फिल्म का निर्माण खुद आमिर खान और रीना दत्ता ने किया। 'लगान' फिल्म के साथ आमिर ने बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगान फिल्म को भारत में टैक्स फ्री कर दिया गया। ये फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में फोरेन लैंग्वेज की कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हुई थी। हालांकि फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिल पाया था। इस फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह नजर आई थीं।

बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा प्रदर्शन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक गदरः एक प्रेम कथा का बजट करीब 18 करोड़ रुपए था। गदर फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन करीब 76.65 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार 132.60 करोड़ था। आमिर की लगान का बजट गदर से ज्यादा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगान को करीब 25 करोड़ रुपए में बनाया गया था। कमाई की बात करें तो इसका इंडिया नेट कलेक्शन 34.35 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, वर्ल्डवाइड इसने 58.05 करोड़ रुपए कमाए। यानि रेस में सनी देओल की फिल्म आगे रही थी।

इरफान को क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था

हॉलीवुड फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुके हैं ये कलाकार, दो ने जीता था ऑस्कर

बॉलीवुड के कई कलाकार हॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुके हैं। इस सूची में प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन, नसीरुद्दीन शाह, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण और अनुपम खेर समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं।

नई दिल्ली। किसी एक इंडस्ट्री के फिल्म कलाकारों के लिए दूसरी इंडस्ट्री में काम करना एकदम नया अनुभव होता है। लगभग सभी की इच्छा भी होती है कि वो अपनी इंडस्ट्री से बाहर भी काम करें। कई बार तो मौका मिलते ही बात भी बन जाती है, लेकिन कई बार किसी न किसी वजह से काम हाथ से निकल जाता है या फिर खुद ही अपने हाथ पीछे खींचने पड़ते हैं। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, इरफान खान और ऋतिक रोशन ऐसे कलाकार हैं, जिन्हें एक बार हॉलीवुड से आए ऑफर को ठुकरा दिया था।

शाहरुख खान : साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म ने आठ ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। फिल्म में देव पटेल और फ्रीडा पिंटो ने मुख्य भूमिका निभाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान को इस फिल्म में काम करने का ऑफर मिला था। उन्हें फिल्म में 'कौन बनेगा करोड़पति' शो के होस्ट प्रेम कुमार का रोल मिला था, जिसे करने से उन्होंने मना कर दिया था। बाद में इस किरदार को अनिल कपूर ने निभाया था।

इरफान खान : हॉलीवुड फिल्म 'लाइफ ऑफ पाई', 'अमेजिंग स्पाइडरमैन' और 'इंफर्नो' में काम करने वाले इरफान खान ने भी एक बार एक हॉलीवुड फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। उन्हें क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था। उन्हें मैट डमोन द्वारा निभाए गए किरदार के लिए अप्रोच किया गया था। यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बेस्ट विजुअल इफैक्ट्स का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।

ऋतिक रोशन : इस साल की शुरूआत में 'फाइटर' फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर महफिल लूटने वाले ऋतिक रोशन भी हॉलीवुड की एक फिल्म में काम करने से इनकार कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'पिंक पैंथर 2' में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वो इस फिल्म में काम नहीं कर पाए थे।

दीपिका पादुकोण : दीपिका पादुकोण को भी हॉलीवुड की फ्रेंचाइजी फिल्म 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के सातवें भाग में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन दीपिका इसमें काम नहीं काम कर पाई थीं। इसके पीछे की वजह यह थी कि उन दिनों दीपिका 'गोलियों की रासलीला रामलीला' और 'हैप्पी न्यू ईयर' में व्यस्त थीं। बता दें कि दीपिका ने विन डीजल की फिल्म 'एक्सएक्सएक्सः द रिटर्न ऑफ जेंडर' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया था।